# 13. काल

क्रिया के करने या होने का समय बताने वाले शब्द क्रिया का काल कहलाते हैं। काल बताता है कि क्रिया हो रही है, होगी या हो चुकी है।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से पूछें कि वे काल को कैसे परिभाषित करते हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 95 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ और क्रिया का काल पूछें।
- ❖ काल की परिभाषा याद करने का समय दें। तदुपरांत छात्रों से परिभाषा बताने को कहें।
- ❖ काल के भेदों से परिचित करवाएँ।
- ❖ पृष्ठ 95-96 पर दिए काल के भेदों के उदाहरणों द्वारा तीनों कालों भूतकाल, वर्तमान काल तथा भविष्यत् काल समझाएँ।
- ❖ पुस्तक से अलग कुछ अन्य वाक्य ब्लैकबोर्ड पर लिखें अथवा बोलें फिर छात्रों से उनका काल बताने को कहें।
- ❖ कोशिश करें सभी छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर मिल पाए।
- ❖ सुनिश्चित करें, छात्र भली-भाँति काल को समझ पाए हैं या नहीं।
- ❖ पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें। लिखित प्रश्न भी जाँचें। त्रुटि होने पर सुधार करवाएँ।